दिल कैसे तुझको पाये करूँ कौन सा यतन मैं लिरिक्स

दिल कैसे तुझको पाये,
करूँ कौन सा यतन मैं,
रग रग में तूँ समायें,
रग रग में तूँ समायें,
करूँ कौन सा यतन मैं,
दिल कैसे तुझको पाए,
करूँ कौन सा यतन मैं।bd।

मैं ना समझ हूँ मोहन,
मुझको समझ नहीं हैं,
क्या चाहता मेरा दिल,
तूँ बे खबर नहीं हैं,
मुझको समझ जो आये,
करूँ कौन सा यतन मैं,
दिल कैसे तुझको पाए,
करूँ कौन सा यतन मैं।bd।

ना ज्ञान मुझको मोहन,
ना ध्यांन जानता हूँ,
ना तेरे रिझनें का,
सामान जानता हूँ,
जिससे तूँ मान जाये,
करूँ कौन सा यतन मैं,
दिल कैसे तुझको पाए,
करूँ कौन सा यतन मैं।bd।

आँखों के पास है तूँ,
आँखों को ना ख़बर है,
पहचान नें की तुझको,
मेरे पास ना नज़र है,
मुझको नज़र तूँ आये,
करूँ कौन सा यतन मैं,
दिल कैसे तुझको पाए,
करूँ कौन सा यतन मैं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बन जाये तेरा मन्दिर,
मेरे दिल का आशियांना,
नारंग की अर्ज़ तुमसे,
मेरे दिल में आ समाना,
बिनती तूँ मान जायें,
करूँ कौंन सा यतन मैं,
दिल कैसे तुझको पाए,
करूँ कौंन सा यतन मैं।bd।

दिल कैसे तुझको पाये,
करूँ कौन सा यतन मैं,
रग रग में तूँ समायें,
रग रग में तूँ समायें,
करूँ कौंन सा यतन मैं,
दिल कैसे तुझको पाए,
करूँ कौंन सा यतन मैं।bd।

लेखक – नारंग जी।
स्वर – धसका पागल जी।
फोन – 072065 26000

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com